SHRI C. RAMACHANDRAIAH (Andhra Pradesh): Mr. Vice-Chairman, Sir, I support the Appropriation (Railways) No. 4 Bill, 1999. Everybody is aware that the Railway Ministry is riddled with two aspects. One aspect is the social compulsion. The second aspect is that it has to run as a commercial undertaking to generate its own resources. At least, there is unanimity that it has got social compulsions. If you see the performance of the last five years, the share of the Railways in traffic has declined. It is because of the Department's inability to increase its potentialities and improve its growth that the Railways were not able to meet the requirements of industry, trade and passenger traffic. Sir, if you see the Budget Estimates of 1988-89, the Revised Estimate has been reduced to Rs.8,755 crores. The obvious reason is that it could not generate adequate resources

as had been contemplated while the Plan was formulated. Now, for the year 1999-2000, the Budget Estimate is around Rs.9,700 crores, and the allocation is Rs.9,500 crores. But, could the Minister say, while replying to the debate, whether the internal resources can be raised with the Ministry's performance in the last year and the present year? Sir, it is true that the Budget support to the Ministry has to be increased because of its obvious constraints. I would like to make a few suggestions, and I don't want to make any speech.

The investments in the Railway Ministry are totally arbitrary to suit the populist demands of certain areas. The economic viability, the demand of the traffic and the social aspects are not being taken into consideration; I mean to say, proper prioritisation of projects is not being done. If you want to develop a State, the general saying is, 'Get the Railway Minister from that State'. Right in the case of the past five or six Ministers, I have been observing that they had their own pet projects, they will make very big allocations to these projects, and the rest of the country will be totally ignored. Sir, five new trains have been introduced. But Andhra Pradesh has been totally ignored. Our State has drawn up a huge plan for tourist development. But the Railway Ministry has not touched upon it.

I can make one suggestion. Most of the valuable lands of the Railway Ministry are under encroachments. A task force has to be created to get them evicted so that they can be put to optimum use which will enable the Ministry to generate resources that are required for the infrastructure. Sir, generally, the Railways require long gestational investment. And, if they borrow from the open market with a high rate of interest, then, it will not be viable. So, I emphasise that more and more Budget allocation has to be made to this Ministry.

Sir, one more aspect which I observed is that every time a picture is given by the Ministry that everything is correct. There is lack of proper dissemination of information in the Railway Ministry which encourages all sections, all areas, to have more demands, which, ultimately, are not fulfilled. This aspect has to be taken into account.

With regard to safety measures, the less said the better. Just by paying compensation, if the Government feels that they have fulfilled their obligations, it is most disappointing. In the past three years, due to railway accidents, 1,289 persons have died; 2,459 persons have been injured and

there have been derailments of 870 trains. What prevents the Minister from initiating proper measures in evolving some schemes by which she can mobilise some funds so that proper infrastructure can be created to initiate appropriate safety measures.

Sir, as regards Andhra Pradesh, I am constrained to say that it has been an ignored State so far as Railways is concerned sixteen projects of Andhra Pradesh are in the pipeline. There is virtually no progress. Only in two or three projects, there is a little progress. The project pertaining to Macherla to Gadwal line was proposed a long time back. It has been surveyed. There has been this demand for the past fifty years. It will link the upland areas of Mehaboobnagar District and the Kurnool District. Rs. 100 crores are required for the completion of the project. But only a paltry sum of five crores has been allocated for Gadwal to Raichur line. Then, Peddapalli to Nizamabad railway line project had been formulated in 1932, 68 years ago. It has now been finalised. The former Prime Minister, Shri P. V. Narasimha Rao had laid the foundation stone. But there is virtually no progress.

Sir, there is one region in our State, which is called Rayalaseema area consisting of four districts, where the rainfall is the lowest in the country. Even if you drive for fifty kilometres by car, it is very difficult to get water for your radiator. That is the situation in parts of Rayalaseema. There is no rainfall. There is no water resource. There is no scope for agriculture. But, of course, God has blessed it with minerals. So, industries have to be set up, for which proper transport facilities have to be provided. There is only one line, that is, the Madras-Bombay line, which connects Rayalaseema. For the past 100 years, the people of that area have been demanding the Nandyal-Erragunta line, which will connect the coastal districts so that trade and industry in that area improves. This demand has been there since the British days. It has now been surveyed. But no allocation has been made. My request to the hon. Minister is that it is a very important project for this area and so, to fulfil the long pending desire of this area, sufficient funds have to be allocated so that this project can be completed soon. Then, Tirupati, as everybody knows, is the place of Lord Balaji. It is a very important pilgrimage town. Every day, thousands of pilgrims visit this place. There is only a single line from Tirupati to Renugunta. It never struck to the Government that it should be a double line...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Mr. C. Ramachandraiah, please conclude. Please conclude.

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: Then, with regard to the gauge conversion from Tirupati to Dharmavaram, which is pending since long...

THE VICE-CHAIRMAN(SHRI ADHIK SHIRODKAR): Mr. Ramachandraiah, please conclude. You have already...

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: Sir, this is very important. I will take only two more minutes.

THE VICE-CHAIRMAN(SHRI ADHIK SHIRODKAR): I am sure this is important. But, there is constraint of time.

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: Sir, you should allow me some flexibility, when I am also flexible.

So, Renegunta and Guntakal are very important divisions of the South-Central Railway, which will connect the Bombay line. Doubling of this track has been done only in piecemeal. This has to be completed.

So, Sir, there are very important projects in Andhra Pradesh. Why I am trying to emphasise this is that these are mostly the underdeveloped districts. There is virtually no scope for irrigation. No river can irrigate those lands because they are located at high altitudes. The only development we can have is through industrialisation. For industrialisation, we need transport facilities. So, railway facilities in these areas should be taken up on a priority basis, especially in the Rayalaseema region.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Mr. Pachouri, your party has twenty minutes left and there are six hon. Member to speak. I hope you will bear this in mind.

SHRI SURESH PACHOURI (MADHYA PRADESH): I will try to be brief, Sir.

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, जो एप्रोप्रिएशन बिल, 1999 है उसके संबंध में मैं कुछ बातें कहना चाहता हूं। जब-जब भी रेलवे विभाग से संबंधित चर्चा होती है, इसका कामकाज ठीक ढंग से चलेगा ऐसी उम्मीद की जाती है। साथ ही यह भी उम्मीद की जाती है कि जनता की शिकायतों और समस्याओं के बारे में समुचित ध्यान दिया जाएगा खास

तौर से जब भी रेल बजट पर चर्चा होती है, रेलवे की सुरक्षा के बारे में ध्यान आकर्षित किया जाता है और हमेशा इस बात पर जोर दिया जाता है कि रेलवे की सुरक्षा के लिए जो आवश्यक आधुनिक उपकरण हैं, वह रेलवे के पास उपलब्ध होने चाहिए ताकि यात्रियों की सुरक्षा तय की जा सके और जब भी कोई एक्सीडेंट हो तो उस की खबर समय पर प्राप्त हो सके ।

महोदय, मुझे खुशी है कि माननीया मंत्री जी ने जब से विभाग का कार्यभार संभाला है, उन्होंने सुधार की दृष्टि से बहुत कदम उठाए हैं। उन्होंने एक 6 सदस्यीय कार्य-दल भी बनाया है । विभाग में दिखावे के तामझाम पर भी उन्होंने अंकुश लगाया है और रेलवे की नाकारा संपत्ति को नीलाम करने का फैसला भी किया है, लेकिन रेलवे का जो सैलून कल्चर है और 90 नए इंस्पेक्शन सैलून जोकि साढ़े 42 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होने हैं, मेरी अपेक्षा है कि मंत्री जी उस बारे में भी ध्यान देंगी ।

महोदय, हर वर्ष प्रोजेक्ट्स तो हाथ में लिए जाते हैं, लेकिन समुचित फंड न रहने की वजह से वे प्रोजेक्ट्स लंबित-के-लंबित रह जाते हैं । महोदय, अभी भी करीब 35 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स पेंडिंग हैं जिन के पूरा होने में 40 वर्ष लगने का अनुमान है ।

महोदय, रेल यात्रियों की सुविधाओं के बारे में वरीयता के आधार पर बजटीय प्रावधान किया जाना चाहिए ताकि उन्हें ज्यादा-से-ज्यादा सुविधाएं दी जा सकें क्योंकि रेल विभाग का आम आदमी से ताल्लुक रहता है । साथ ही रेलों के आने-जाने के संबंध में समय की पाबंदी का विशेष रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए । महोदय, रेलवे रिजर्वेशन में दलाली की प्रथा कई वर्षों से चली आ रही है, उस पर अंकुश लगाए जाने के बारे में भी हमारी अपेक्षा है ।

महोदय, रेलवे का बजटरी सपोर्ट प्लान आउट ले में पहले 75 परसेंट रहा करता था जिस में कि इस आठवें प्लान में कमी आई है और यह 52 परसेंट हो गया है । मुझे उम्मीद है कि इस ओर भी रेल विभाग ध्यान देगा । फिर इनपुट भी कम है चाहे वह वैगन कैपिसिटी का हो, पैसेंजर कोचेज का हो या रूट किलोमीटर का हो जब कि आउट-पुट

ज्यादा है । यही वजह है कि रेल ट्राफिक और पैसेंजर ट्राफिक उस के मुकाबले में बढ़ा हुआ है, लेकिन उस ओर हमारा ध्यान नहीं गया है । जहां तक एक्सीडेंट की बात है, उस के लिए ट्रैक रिपेयर और ट्रैक रिनुअल के बारे में वरीयता के आधार पर ध्यान दिया जाना चाहिए ।

मैं इस संबंध में कुछ सुझाव देना चाहूंगा । पहली बात एसेट्स का समुचित ध्यान दिया जाना चाहिए । यात्रियों को ज्यादा-से-ज्यादा सुविधाएं देने की दृष्टि से पैसेंजर एमिनिटीज के मद में प्रोवीजन किया जाना चाहिए । हम जितने भी प्रोजेक्ट्स की क्लिअरेंस दें, उस के लिए समय-सीमा निर्धारित होनी चाहिए और गेज-कनवर्सन के प्रोजेक्ट्स को भी वरीयता दी जानी चाहिए । इस के अतिरिक्त जिन स्थानों के लिए रेलवे प्रोजेक्ट्स हों, उन में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता के आधार पर काम मिलना चाहिए । साथ ही सीनियर ऑफिसर्स की चैकिंग विजिट्स में एक सरप्राइज विजिट का भी प्रोवीजन किया जाना चाहिए । अभी वे चैकिंग विजिट तो करते हैं, लेकिन उस की सूचना पहले से वहां मिल जाती है और जिस सुधार की अपेक्षा की जाती है, वह नहीं हो पाता है ।

महोदय, चूंकि मैं मध्यप्रदेश से हूं, इसलिए मध्य प्रदेश से संबंधित दो-तीन प्रोजेक्ट्स का उल्लेख कर के मैं अपनी बात समाप्त करूंगा । महोदय, हमारे यहां एक ललितपुर, सतना, रीवां, सिंगरौली प्रोजेक्ट है जिसे किलअरेंस मिल गयी है, लेकिन अभी भी काम होना बाकी है । यही स्थिति गुना, इटावा प्रोजेक्ट की है । हालांकि उस का काम तेजी से चल रहा है और एस्टीमेटेड टार्गेट भी 2002-2003 तक पूरा होने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, लेकिन उस प्रोजेक्ट की गति धीमी है । महोदय, हमारे यहां बस्तर आदिवासी बाहुल्य इलाके का डल्ली-राजहरा जगदलपुर प्रोजेक्ट है जिस की क्लिअरेंस 95-96 में मिल गयी थी और जब भी रेल बजट तथा रेलवे एप्रोप्रिएशन बिल पर चर्चा होती है, इस आदिवासी बाहुल्य इलाके के रेलवे प्रोजेक्ट की बात की जाती है । चूंकि इसका संबंध सेल से भी है, एमओयू इनमें साईन हो गया है,लेकिन अभी तक यह प्रोजेक्ट पूरा नहीं हो पाया है । मैं चाहूंगा कि इस बारे में मंत्री महोदया ध्यान दें । दूसरा, एक यह विश्रामपुर-अम्बिका प्रोजेक्ट की बात है, इसके लिए क्लीयरेन्स मिल चुकी है, लेंड एक्विजिशन भी हो गया है,

लोकेशन का पूरा सर्वे हो गया है, लेकिन यह काम भी अभी तक पूरा नहीं हो पाया है । यही स्थिति गोधरा-इन्दौर-देवास-मक्सी प्रोजेक्ट की है और जबलपुर-गोंदिया प्रोजेक्ट की भी यही स्थिति है, वह भी अभी तक पूरा नहीं हो पाया है । इन प्रोजेक्ट की ओर ध्यान दिया जाना जरूरी है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, आखिर में मैं भोपाल से संबंधित बात कहना चाहूंगा कि हबीबगंज रेलवे स्टेशन का विस्तार होना है और भोपाल के लिए कुछ ओवर-ब्रिजेज के प्रस्ताव भी आपके पास अंडर कंसीड्रेशन हैं, उन पर भी अभी तक काम पूरा नहीं हो पाया है । मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदया से यह अनुरोध करुंगा, चूंकि भोपाल मध्यप्रदेश राज्य की राजधानी है, वहां के ओवर-ब्रिजेज के जितने प्रोजेक्ट हैं और हबीबगंज रेलवे स्टेशन के विस्तार की जो बात है, इस पर आप शीघ्र निर्णय लेकर काम कराएं । इसी के साथ जो कलाई-पीपल-पलडा-मक्सी-भोपाल के प्रोजेक्ट की बात है, जिसकी ओर अभी तक ध्यान नहीं दे पाए हैं, उस प्रोजेक्ट की ओर भी ध्यान दिया जाए । ऐसा मेरा आपके माध्यम से मंत्री महोदया से अनुरोध होगा । बहुत बहुत धन्यवाद ।

**श्री गोविन्दराम मिरी** ( मध्य प्रदेश ) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, एक लंबे अरसे के भगीरथ प्रयास के बाद बिलासपुर में रेलवे जोन का निर्माण किया गया, जो माननीय प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के हस्तक्षेप से हमें मिला है । दुख इस बात का है कि जिस गति से उसकी प्रगति होनी चाहिए, वह अभी तक नहीं हो पा रही है और इस जोन के साथ सौतेला व्यवहार हो रहा है । काम शुरू करने के लिए मात्र 2 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई थी, जो ऊंट के मूंह में जीरे के बराबर है, जब कि यह बिलासपुर डिवीजन, रेलवे के जितने डिवीजन हैं उनमें, सर्वाधिक आमदनी देने वाला डिवीजन है । वहां के जो मुख्य प्रशासनिक अधिकारी - निर्माण कार्यरत थे, जो निर्माण कार्यों को देख रहे थे,, उनका भी स्थानान्तरण अक्तूबर, 99 में हो गया है । मेरा रेलवे मंत्री महोदया से विनम्र निवेदन होगा कि बिलासपुर जोन, जो प्रधान मंत्री जी की देन है, उसको आप प्राथमिकता दें, उसके साथ अन्याय न करें और उसकी गति की प्रगति को आगे बढ़ाएं ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, यह छतीसगढ़ राज्य मिलने वाला है और जैसा आप जानते हैं कि हरेक राज्य की राजधानी को दिल्ली से सीधे तीव्रगामी रेल से जोड़ा गया है, या तो शताब्दी एक्सप्रेस चलती हैं या फिर कोई तीवग्रामी गति की गाड़ियां चलती हैं जैसे राजधानी एक्सप्रेस । लेकिन, खेद का विषय है कि दिल्ली से बिलासपुर या रायपुर जाने के लिए हमको 32 से 36 घंटे का समय लगता है और अगर कोई बहुत ही तीवग्रामी ट्रेन है सेकेण्ड ए.सी. वाली, तो वह उत्कल एक्सप्रेस है और उसमें जाने से भी हमको 24 घंटे का समय लग जाता है । माननीय मंत्री महोदया ने अभी पांच नई सुपर फास्ट ट्रेन की घोषणा की है, उसके लिए तो मैं उन्हें बधाई देता हूँ, साथ ही यह भी अनुरोध करता हूँ कि यहां दिल्ली से कलकत्ता तक, जहां से आप आती हैं पश्चिम बंगाल से और वहां से बिलासपुर नजदीक है, तो या तो कलकत्ता तक या बिलासपुर तक एक सुपर फास्ट ट्रेन, जिसमें फर्स्ट क्लास ए.सी. की सुविधा हो, शताब्दी जैसी किसी ट्रेन की घोषणा करें तो आपकी बड़ी मेहरबानी होगी ।

महोदय, मैं यह भी कहना चाहता हूँ कि उस अंचल की जितनी ट्रेक हैं, उनको आज बदलने की आवश्यकता है क्योंकि दुर्घटना होती रहती हैं । रेलवे में सुरक्षा के विषय में मेरा मानना है कि सुरक्षा के अंतर्गत दो विषय आते हैं - एक तो जो दुर्घटनाएं हो जाती हैं और दूसरा चलती ट्रेन में जो डकैतियां और लूटमार होती है । यह सुरक्षा का विषय बहुत ही चिंतनीय विषय है ।

रेलवे यह कहकर पल्ला नहीं झाड़ सकती कि जी.आर.पी. राज्य सरकार का विषय है । मैं कहता हूं कि पैसेंजर अगर पैसे देता है तो उसकी सुरक्षा करने का दायित्व रेलवे का है । आए दिन ऐसी घटनाएं होती रहती हैं कि आप सोए हैं और कोई ताला तोड़कर आपकी पेटी या सूटकेस उठाकर ले जाए, कोई चाकू मार दे या लूट ले । कभी रेलवे की यात्रा को सुरक्षित यात्रा माना जाता था, लेकिन आज रेलवे की यात्रा को असुरक्षित माना जा रहा है ।

महोदय, इसी तरह से मैं कहना चाहता हूं कि दुर्घटनाएं जो हो रही हैं, वे मानवीय भूल के कारण ज्यादा हो रही हैं । पिछले वर्ष देश में

393 रेल दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें से 262 दुर्घटनाएं मानवीय या कर्मचारियों की गलती से हुई हैं और मात्र 38 मामले ऐसे हुए जो मशीनी या तकनीकी खराबी के कारण हुए । 1998 में खन्ना में दुर्घटना हुई जिसमें 250 लोग मारे गए, 1999 में गैसल दुर्घटना हुई जिसमें 280 लोग मारे गए और अभी नवम्बर में पूजा एक्सप्रेस में, जम्मू से जयपुर जाने वाली ट्रेन में, दुर्घटना हुई, जिसमें 14 लोग मारे गए । यह बहुत ही चिंतनीय विषय है । मैं समझता हूं कि रेल-ड्राइवर और स्टेशन मास्टर के बीच में कम्युनिकेशन का, सम्पर्क का कोई साधन होना चाहिए ताकि इन दुर्घटनाओं पर कुछ रोक लग सके ।

इसी तरह से मैं कहना चाहता हूं कि साफ-सफाई की तरफ भी ध्यान दिया जाना चाहिए क्योंकि रेलों में गंदगी बहुत ज्यादा रहती है । किराए बढ़ते हैं, लेकिन सुविधाएं नहीं बढ़ती हैं । आज चूंकि सड़कों की हालत बहुत खराब है इसलिए लोग रेल से जाना चाहते हैं और जैसा अभी मेरे एक वरिष्ठ सदस्य ने कहा, लोग मजबूरी में ही रोड से यात्रा करते हैं । तो इस ओर भी मंत्री महोदया अगर ध्यान दें तो अच्छा होगा । इसके साथ ही साथ मैं कहना चाहता हूं कि आप भ्रष्टाचार पर रोक लगाएं, खान-पान में बहुत गिरावट आ गई है, उसको सुधारें ।

महोदय, एक तरफ तो हम पैसे की कमी का रोना रो रहे हैं, आज भी 24,000 अन-मैन्ड गेट हैं रेलवे के पास, रेलवे विभाग को अपना संतुलन बनाने के लिए 3,000 करोड़ रुपया बाजार से कर्ज उठाना पड़ता है और दूसरी ओर सैलून प्रथा को हम चालू रखे हुए हैं, जो अंग्रेज़ों के ज़माने से चली आ रही है । 90 सैलूनों के लिए 42.50 करोड़ रुपए का जो खर्चा दिया जा रहा है, उस पर रोक लगाकर हम बचत कर सकते हैं । सैंकड़ों सैलून पहले से पड़े हुए हैं, उनको ठीक किया जा सकता है और मैं तो चाहता हूं कि इस सैलून प्रथा को ही बंद कर दिया जाना चाहिए क्योंकि आजकल फर्स्ट क्लाए ए.सी. का किराया हवाई जहाज के किराए के बराबर होता है । ऐसे में इस क्लास में जाने वाले लोग हवाई जहाज से यात्रा कर सकते हैं, घूम सकते हैं या साधारण गाड़ियों मे जा सकते हैं और जब साधारण गाड़ियों में जाएंगे, तभी लोगों की असुविधाओं का पता चलेगा । सुधार के लिए मंत्री महोदया

काफी कदम उठा रही हैं, मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं और निवेदन करना चाहता हूं कि इस तरफ भी वे ध्यान दें । हमारे यहां बिलासपुर में जिहापारा में बहुत दिनों से रेलवे फाटक बन रहा है लेकिन उसकी गति बहुत धीमी हैं जिसके कारण उसके कार्य में प्रगति नहीं आ पा रही है, मैं निवेदन करुंगा कि उसके कार्य में प्रगति आनी चाहिए ।

अंत में मैं इस रेलवे ऐप्रोप्रिएशन बिल का समर्थन करते हुए पुनः मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि वे दिल्ली से कलकत्ता या बिलासपुर के लिए एक फास्ट ट्रेन चलाएं और बिलासपुर जोन की अच्छी तरह से देख-रेख करें, उसकी प्रगति के काम में तेजी लाएं ।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं और आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया उसके लिए आपका धन्यवाद करता हूं ।

**श्री सनातन बिसि** (उड़ीसा) : वाइस चेयरमैन साहब, मैं इस रेलवे ऐप्रोप्रिएशन बिल पर बोलते हुए थोड़ा सेफ्टी मैटर्स के बारे में बोलूंगा ।

Sir, it has been reported in the newspapers, "The Research, Designs and Standards Organisation, Lucknow, which is responsible for examining the safety aspect of all purchases made by the Railways did report in January 1997 that the rails supplied by the Bhilai Steel Plant were defective. Yet the Railway Board continued to exchange letters with SAIL without appearing to be serious about enforcing safety on the tracks."

The other thing that I am going to mention is very alarming. It further says, "...At least, four accidents had been caused because the quality of rails supplied by the Bhilai Steel Plant are far short of satisfactory standards." Since the Minister is very much concerned about the safety, I want a categorical reply on this. The next thing I would like to mention about Orissa, which has been neglected by the department since long, is, cost escalation. There are two projects. One Project is known as Daitari-Bansapani and the other project is known as Rupsa-Bangari-Poshi. There has been much delay in these two projects. The other thing I would like to mention is, for the last several years, we have been demanding for a double line for Puri-Khorda-Sambalpur-Jhannuguda. It is very, very essential. Earlier, there was a proposal that one person from each family of

land ousters, due to Sambalpur-Talcher rail line, would be given employment in the department. Sir, the people of Western Orissa have a lot of expectation on this. They contributed and sacrificed their lot for this, but, till now, they have not been paid back.

The next point I would like to mention - I had also brought this to the notice of the hon. Minister when I met her - is about Tapaswini Express. So far as this Tapaswini Express on the Sambalpur-Talcher line issue is concerned, this line was commenced for the people of Sambalpur and Western Orissa. Now, the train is reaching Samblapur in midnight and as many as 100 buses are plying from Sambalpur to Burla. For the purpose of passengers and for the purpose of getting more income to the Railway, this train should reach Sambalpur at about 9 pm or 10 pm. I have also received representations from the people of that area and the copies of the same have been sent to the hon. Minister for action. At least, for the people of Orissa, when they are demanding this since long, they should get some opportunity to avail of the facility.

The next point I would like to mention is, it was decided in the Zonal Committee that the frequency of Nizamuddin-Sambalpur Hirakud Express would be increased - thrice in a week from Sambalpur to Delhi and thrice in a week from Puri to Sambalpur. The Minister may kindly look into it. These are my submissions. Thank you.

**श्री रामदेव भंडारी** (बिहार) : उपसभाध्यक्ष महोदय, यह प्रसन्नता की बात है कि आज जब इस बिल पर बहस हो रही है तो वर्तमान रेलवे मंत्री के साथ-साथ पूर्व रेल मंत्री जी भी यहां बैठे हुए हैं। महोदय, बहुत कुछ अखबार में छपा था जब मंत्रालयों का बंटवारा हो रहा था । मैं बधाई देता हूं ममता जी को कि उन्होंने जो निश्चय एक बार कर लिया, उसे पूरा करके ही दिखाया और रेल मंत्रालय को आखिर ले ही लिया ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Madam Minister, you are getting too many compliments today.

**श्री रामदेव भंडारी** : महोदय, रेल मंत्रालय ग्रहण करने के बाद इन्होंने रेल मंत्रालय में सुधार लाने का जो संकल्प व्यक्त किया है, उसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं । बहुत अधिक तो नहीं, लेकिन इतना तो कहा ही जा सकता है कि इन्होंने इस दिशा में काम करना शुरू कर

दिया है लेकिन अभी तो बहुत काम करना बाकी है । हम सभी आशा करते हैं कि इनको इस काम में सफलता मिलेगी ।

महोदय, मेरे पास समय बहुत कम है । इस कम समय में मैं कुछ समस्याओं की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । मैं बहुत समय से इसका प्रयास कर रहा हूं । हमारे भूतपूर्व रेल मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं, उनके समय में भी मैंने यह प्रयास किया था । श्री नीतीश कुमार जी भी यहां बैठे हुए हैं, उनके समय में भी मैंने यह प्रयास किया था। महोदय, मैं बिहार के मधुबनी जिले से आता हूं जो नेपाल के बॉर्डर पर है। नॉर्दर्न रेलवे का एक समस्तीपुर डिवीजन है, उसमें दरभंगा से एक लाइन जाती है निर्मली तक और दूसरी जाती है जयनगर तक । बड़ी लाइन के लिए - दरभंगा से जयनगर तक के लिए सैंक्शन मिल चुकी है और थोड़ा काम भी उस पर चल रहा है । महोदय, सकरी से लेकर निर्मली तक की दूरी 52 किलोमीटर है । यह उसी सैक्शन पर है, लेकिन उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है । श्री रामविलास जी ने जवाब दिया था कि सर्वेक्षण हो रहा है । एक लाइन झंझारपुर से लौखा तक जाती है । उसकी दूरी 43 किलोमीटर है । यह कोई ज्यादा नहीं है । लेकिन इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है ।

महोदय, यह बॉर्डर ऐरिया है और केवल बॉर्डर ऐरिया ही नहीं है बल्कि फ्लड प्रोन ऐरिया भी है । नेपाल से बहुत सारी नदियां आती हैं जो यहां से होकर गुज़रती हैं । उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं सच कह रहा हूं कि यहां बरसात के समय में कम्युनिकेशन बिल्कुल टूट जाता है और ऐसा लगता है कि यह ऐरिया भारत के दूसरे भागों से बिल्कुल कट सा गया है ।

मैं पुनः रेल मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि वे सकरी-निर्मली लाईन और झंझारपुर-लोखा में बड़ी लाईन बनाने की दिशा में पहल करें, ऐसा मैं निवेदन करना चाहता हूं। रामविलास पासवान जी ने इस ओर पहल की थी मगर उस पर अभी बहुत कुछ होना बाकी है। एक और बात है कि निर्मली से भवतिआई की एक पुरानी लाईन थी। अब अगर पैदल जाते हैं तो दो घंटे में आप पहुंच जाते हैं और रेल से अगर इस जगह पर जाना हो तो 15 घंटे से ज्यादा लगते हैं। मगर पैदल जाने में

कठिनाई क्या है कि वहां सड़क भी नहीं जाती है, कोसी नदी है बीच में। तो इस पर एक बहुत बड़ा पुल बनाना पड़ेगा। मगर जन कल्याण के दृष्टिकोण से यह काम बहुत ही महत्वपूर्ण होगा। बार-बार मैं इस सवाल को उठाता हूं मगर जवाब अधूरा ही मिलता है। अभी तक इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। यह निर्मली-भवतिआई लाईन के बारे में भी मैंने आपको कहा है।

एक और अनुरोध करना चाहूंगा। थोड़ा सा समय और दे दीजिए, मैं समस्याओं को उठा रहा हूं कोई दूसरी बात नहीं बोल रहा हूं। वहां दरभंगा, पटना कमला इंटरसिटी एक्सप्रेस चलती है। मैं धन्यवाद देता हूं रामविलास पासवान जी को कि इन्होंने इस गाड़ी को चलवाया था और इसमें काफी भीड़ रहती है। एक बार इसमें मुझे भी जाने का मौका मिला है। बहुत अच्छी गाड़ी है, उसमें काफी लोग सफर करते हैं। यह एक दिन में दरभंगा से पटना चलती है और वही गाड़ी पटना से फिर दरभंगा जाती है। मैंने पहले भी निवेदन किया था यहां दो गाड़ियां होनी चाहिए -दरभंगा से पटना के लिए और पटना से दरभंगा के लिए। दूसरी बात यह है कि मैंने बार-बार कहा भी था तथा एक बार नीतीश जी ने तो ट्रेफिक के किसी बड़े अधिकारी को बुलाया भी था। उसमें एक ए.सी. कोच की जरूरत है, जो बैठने वाला कोच होता है -स्लीपिंग कोच। वह अभी तक नहीं लगा है जबकि इंटरसिटी एक्सप्रेस में लगा है। एक दूसरी इंटरसिटी है जो भागलपुर की तरफ चलती है। उसमें भी वह कोच लगा हुआ है। तो इसमें भी यह लगाया जा सकता है। वह समस्तीपुर, दरभंगा और यहां के सब एम.पीज तथा और जो सी.आई.पी. लोग हैं वह इस गाड़ी से चलेंगे। ए.सी. चेयर कार की व्यवस्था उसमें है। अब हम पटना जंक्शन पर बार-बार आते जाते रहते हैं। बहुत सारे एम.पीज. जो बिहार के हैं -54 लोक सभा में हैं और 22 राज्य सभा में हैं, मैं एक बार पटना रात में गया हूं राजधानी एक्सप्रेस से। सफाई की बहुत बुरी हालत है, बहुत गंदगी है। मैंने आज रेल के राज्य मंत्री महोदय, जो बिहार से आते हैं, उनको मैंने कहा था कि सफाई की अस्त-व्यस्त हालत है। वहां पर एक एक वी.आई.पी. रूम है। उपसभाध्यक्ष जी, जब गाड़ी लेट होती है तो लोग उसमें बैठ जाते हैं। मैं रात को जब उसमें गया तो मैंने देखा कि उसमें तीन-चार कुर्सियां

बे-तरतीब पड़ी हुई थी और उसमें कुछ लोग बैठे हुए थे । मैं करीब आधा घंटा प्लेट फार्म पर खड़ा रहा। अगर वह सही होता तो लोग उसमें बैठते और फिर गाड़ी आती तो वहां से उठ कर लोग गाड़ी में चले जाते। तो उस रूम को व्यवस्थित किया जाए। जब वह रूम खुला हुआ था तो उसमें कुर्सियां नहीं थी और अन-ऑथराइज्ड लोग उसमें बैठे हुए थे। पटना का इंक्वायरी सिस्टम भी सही नहीं है। हवाई अड्डे की भी यही हालत है और रेलवे की भी यही हालत है। जहां कम्प्यूटराइज्ड सिस्टम है वहां तो कुछ जानकारी मिल जाती है, मगर इंक्वायरी पर लगातार फोन करते रहिए, एक तो मिलता नहीं है और अगर मिलता है तो कहते हैं कि ट्रेन टाइम से चल रही है और जब स्टेशन पर जाते हैं तो ट्रेन घंटे-दो घंटे लेट होती है। तो वहां के इंक्वायरी सिस्टम को भी सुधारने की जरूरत है। रेलवे वालों को कितनी जानकारी होती है कितनी जानकारी नहीं होती है उसके बारे में भी एक बात कहना चाहूंगा। एक बार मैं पटना से आ रहा था तो रिजर्वेशन के लिए मैंने किसी को भेजा। उसके पास जो अभी नया नियम बना है -पति व पत्नी स्पाउज के साथ फर्स्ट ए.सी. में और एक कम्पेनियन फर्स्ट ए.सी. के लिए मैंने लिख कर भेजा। वहां से जवाब मिला कि इसका प्रोविजन नहीं है। एक टी.टी.ई. भी कह रहा था कि हम लोगों को इसकी जानकारी नहीं है। यह रेलवे में कैसी जानकारी दी जाती है, कैसे सर्क्यूलर जारी किए जाते हैं कि जो टिकट काटते हैं उनको जानकारी नहीं है, जो टिक़ट चैक करते हैं उनको जानकारी नही हैं। तो इसको भी देखा जाए। उसने यह भी कहा कि मैंने कलकत्ता से सम्पर्क किया था और कलकत्ता से भी हमको यही सूचना मिली है कि -नहीं, तीन ऐट ए टाइम नहीं हो सकता.....(समय की घंटी)..... महोदय, मैं जो बोल रहा हूं वह आपके काम की चीजें हैं। राजधानी एक्सप्रेस पटना होकर जाती है। मैं रामविलास पासवान जी को पुनः धन्यवाद दे रहा हूं कि एक तो यह दिल्ली, पटना, गुवहाटी जाती है। राजधानी एक्सप्रेस की हालत बहुत खराब हो रही है।

उसकी जो सेवा-सुविधाएं हैं, वे घट रही हैं। जब पार्लियामेंट नहीं चल रही थी तो उससे कुछ दिन पहले मैं फर्स्ट ए.सी. में आ रहा था तो उसमें पैक किया हुआ खाना मिल रहा था। मैंने खाना देने वाले

से पूछा कि जब ट्रेन में कार लगी हुई है तो पैक किया हुआ खाना बाहर से क्यों लाते हो। उसने जबाव दिया कि आजकल यही सिस्टम चल रहा है। इसको उन्होंने दूसरे ढंग से किया है। वह खाना बाहर से पैक करके देते हैं। हम साइंस की किताब में रंगहीन, स्वादहीन, गंदहीन खाने के बारे में पढ़ते थे। इस हालत में सुधार करने की जरूरत है। उसमें जो लोग काम करते हैं, उनमें शिष्टाचार की बहुत कमी है। मैं बहुत पहले राम विलास जी के साथ आ रहा था और एक कर्मचारी ठंडा खाना लाया था, राम विलास जी, उस पर नाराज हुए, तब तक वह मंत्री भी नहीं बने थे, हम लोगों ने इसकी शिकायत भी की थी। वे मांगने पर शिकायत लिखने के लिए रजिस्टर नहीं दे रहे थे। बाद में सब लोग जमा हो गए और राम विलास जी के सामने गिड़गिड़ाने लगे। ट्रेनों में यह हालत है कि एम.पीज को भी शिकायत लिखने के लिए मांगने पर रजिस्टर नहीं मिलता है तो बाकी पैसेन्जर्स की क्या हालत होती होगी।...

**उपसभाध्यक्ष (श्री अधिक शिरोडकर)** :ठंडा खाना खाने के बाद उनको गर्म होना पड़ा।

**श्री रामदेव भंडारी** : महोदय,....

**कुमारी ममता बनर्जी** : महोदय, खाने के बारे में जो बात उठी है, आपने इसके बारे में जो जानकारी दी है अब आप दो-तीन दिन बाद में ऐसी बात नहीं देखेंगे। कलकत्ता से जो राजधानी भुवनेश्वर होकर दिल्ली आती है उसका खाना बढ़िया है। लेकिन जो राजधानी पटना होकर दिल्ली आती है उसका खाना ज्यादा अच्छा नहीं है। इसीलिए मैंने उसको कहा है कि अगर वह तीन दिन के अन्दर खाने को चैंज नहीं करेगा तो हम उसको किसी दूसरे को दे देंगे।

**श्री रामदेव भंडारी** : मंत्री जी, बहुत-बहुत धन्यवाद। इसकी आपको पहले से ही जानकारी है इसलिए लिए भी आपको धन्यवाद। मैं एक बात मजदूरों के बारे में कहना चाहूंगा। इधर से मजदूर बड़ी संख्या में कलकत्ता, दिल्ली, मुम्बई, अमृतसर, हरियाणा में आते हैं। इनका बहुत शोषण होता है। जब ये लोग काम करके वापस अपने घर जाते हैं तो उनका किसी न किसी रूप में शोषण होता है। उनकी वैध टिकटों को भी ले लिया जाता है, उनके पैसे भी छीन लिए जाते हैं, उनके साथ

मार-पीट भी की जाती है और ऐसा पुलिस वाले करते हैं। वह चाहे स्टेट की पुलिस हो या आरपीएफ की पुलिस हो। यह सवाल कई बार उठा है, प्रश्न-काल में भी उठा है। राम विलास जी ने भी इस बारे में कार्रवाई की थी। मंत्री महोदया, मैं आपसे निवेदन करता हूं कि आप ऐसी व्यवस्था करें जिससे कि मजदूरों के साथ अच्छा व्यवहार हो, उनका शोषण न हो, उनके साथ मारपीट न हो, उनके साथ जोर-जबरदस्ती न हो। मेरे पास समय कम है और मैं अंत में यह निवेदन करना चाहूंगा कि दरभंगा से बड़े-बड़े शहरों के लिए जो गाड़ियां जाती है, उनकी फ्रिक्वेंसी बढ़ाई जाये। जो गाड़ी सप्ताह में एक दिन चलती है, उसको दो दिन के लिए कर दिया जाए और जो गाड़ी सप्ताह में दो दिन चलती है, उसको तीन दिन कर दिया जाये।

एक बात मैं कंसल्टेटिव कमेटी के बारे में कहना चाहूंगा। यह चाहे डिवीजन लेवल पर हों या जोनल लेवल पर हो या जहां पर भी कंसल्टेटिव कमेटी हैं, आपको इनको ऐक्टिव बनाना होगा। जो छोटी-छोटी समस्याएं हैं, उनका निपटारा कंसल्टेटिव कमेटी के स्तर पर हो सकता है। दूसरी बात यह है कि जब हम लोग डीआरएम या जोनल कमेटी के अफसरों को चिट्ठी लिखते हैं तो उसका हमें कोई जबाव नहीं दिया जाता है। यदि आपको चिट्ठी लिखी जाए, तो हमें जबाव मिल जाता है। जब पहले पासवान जी मिनिस्टर थे, उनको चिट्ठी लिखा करते थे, तो जबाव आता था। लेकिन यदि अफसरों को डायरेक्ट चिट्ठी लिखते हैं तो उसका जबाव नहीं आता है और हमें पता नहीं लगता है कि उस पर क्या कार्रवाई होती है। मंत्री महोदया, आप इस पर कृपया ध्यान दीजिए। उससभाध्यक्ष जी, मैंने ज्यादा समय लिया है, इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं पुनः आशा करता हूं कि ममता जी रेल विभाग में जो कुछ कमी है उसे दूर करके इस विभाग को एक सेम्पल के रूप में आइडियल विभाग बनायेंगी। बहुत-बहुत धन्यवाद ।

**उपसभाध्यक्ष (श्री आदिक शिरोडकर)**: माननीय मंत्री महोदया ने कहने के पहले ही इंतजाम कर दिया है। Now, hon. Members, we have many speakers who want to speak on this subject. However, we have allotted two hours and thirty minutes' for a Short Duration Discussion on National Telecom Policy - 1999. Therefore, we shall now discontinue this

**5.00 p.m.**

discussion here and proceed with the Short Duration Discussion.

SHRI MD. SALIM : Sir, is the Railway discussion shunted now?

THE VICE-CHAIRMAN(SHRI ADHIK SHIRODKAR): You are fond of shunting.

---

## SHORT DURATION DISCUSSION

### National Telecom Policy - 1999

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Now we shall take up the Short Duration Discussion on the National Telecom Policy, 1999. Shri Janeshwar Misra to raise the discussion.

SHRI NILOTPAL BASU (West Bengal): Sir, my name is there.

THE VICE-CHAIRMAN(SHRI ADHIK SHIRODKAR): Yes, your name is here. You will raise the discussion. Yes, Mr. Basu. My apologies to you.

SHRI NILOTPAL BASU: Mr. Vice-Chairman, Sir, I think this is a very serious issue. But, I cannot but express my regret that the Discussion is taking place in a background where the Government has not laid the National Telecom Policy, 1999 on the Table of the House. I think we had some discussion earlier in the Question Hour, and the Minister said that it had been laid. We checked and rechecked. What was done was that it was sent to individual Members. I think this is not a healthy precedent that we are setting because, as far as laying of papers is concerned, it is guided by precedents and conventions. Earlier, in 1994, we had the National Telecom Policy. The Policy paper was laid on the Table of the House on the 12th of May, 1994. This time, though the House was not in session, we found that subsequently, also when the Government had the opportunity of placing the paper on the Table of the House, it was not done. I think that this underlines the disregard for the House, taking the House for granted. We are seeing this in ample dimensions recently, in terms of rushing through legislations. I think this does not augur well for the noble institution that we have.